





## एक नजर में

### प्रकट कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने दिखाई नियुद्ध कला



**खरगोन, निप्र।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर का नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर प्रकट कार्यक्रम सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित किया गया। यहां शाम 6 बजे स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण हुआ। इस अवसर पर संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलीराम हेडगेवार को आद्य सर संघचालक के रूप में प्रणाम निवेदित किया। इसके बाद प्रकट कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने नियुद्ध, पद विन्यास, दंड, मनोरमा, घोष व्यायाम योग व आसन की प्रस्तुति दी। इसमें सभी स्वयंसेवक एक साथ कदमताल करते हुए विभिन्न आकृतियां बनाई। उनके हाथों और कदमों की लय पूरी तरह मिली हुई थी। इसके बाद दंड प्रहार का प्रदर्शन हुआ। स्वयंसेवकों ने लाठी से आत्मरक्षा के तरीके दिखाए। मुख्य वक्ता रघुवीर सिसौदिया प्रांत सह कार्यवाह ने बौद्धिक में कहा यह दिन एकता का प्रतीक है, जो सभी को सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता के सूत्र में पिरोता है। यह समय अपने व्यक्तिगत और सामूहिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने, स्वाभिमान जगाने और राष्ट्र के लिए समर्पित होने का संदेश देता है।

### 22 को श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज का गणगौर उत्सव और भंडारा

**खरगोन, निप्र।** श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज का गणगौर उत्सव 22 मार्च रविवार को सुबह 11.30 बजे से गौरीधाम स्थित देवयानी विश्रांति गृह में मनाया जाएगा। महिला मंडल अध्यक्ष इंदिरा मंडलोई ने बताया कि समाज की महिलाओं द्वारा गणगौर माता की पाती खेली जाएगी और समाज की पंगत का आयोजन होगा। समाज अध्यक्ष जितेंद्र जोशी ने बताया कि इस बार समाज की पंगत के मुख्य यजमान पदमा



हरिशंकर मंडलोई और रश्मि रवि मंडलोई है। कोषाध्यक्ष ललित शुक्ला ने बताया कि 21 मार्च शनिवार को प्रात: 5 बजे से 9 बजे तक कलाली मोहल्ला स्थित माता की बाड़ी में समाज जन पूजन करेंगे और ज्वारों को रथ में रखकर घर लाएंगे।

### नव संवत्सर रूपी नये वर्ष की शुरुआत में किए देव दर्शन

**सनावद , निप्र।** जैन श्रद्धालुओं ने नव संवत्सर रूपी नये वर्ष की शुरुआत देव दर्शन और पूजन से की। पार्श्व ज्योति मंच के सदस्यों ने श्री सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में जलाभिषेक शांतिधारा कर दिन की शुरुआत की। कमलेश भूच, नरेश पाटनी, सत्येन्द्र जैन, संतोष बाकलीवाल, जितेन्द्र जैन, नरेन्द्र जैन भारती, प्रियम जैन ने देवदर्शन कर सभी को नव वर्ष की शुभकामनायें दी। जैन मन्दिरों में विशेष चहल-पहल देखी गई। पार्श्व ज्योति मन्च के अध्यक्ष डॉ नरेन्द्र जैन भारती ने नव वर्ष को सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक पर्व बताते हुए कहा कि मन्दिर शांति और साधना के स्थल होते हैं। हमारा जीवन सुखमय बीते तथा आत्मिक शांति मिले इसलिए नये साल को विशेष अंदाज में मनाते हैं। अपने जीवन के लक्ष्यों पर विचार के बाद नये अनुभवों के आधार पर कार्य करें। इस कार्य में सफलता मिले इसलिए जैन श्रद्धालुजन नये वर्ष की शुरुआत देवदर्शन, गुरुदर्शन से करते हैं तथा नीम की पत्ती, धनिया तथा गुड़ का सेवन कर दिन की शुरुआत करते हैं।

### मूल्यांकन कार्य में लापरवाही, अनुपस्थित शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किए कारण बताओ नोटिस

**खरगोन, निप्र।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मूल्यांकन केंद्र पर उपस्थित न होने वाले शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद मूल्यांकन कार्य में रुचि न लेना गंभीर अनुशासनहीनता माना गया है। शासकीय देवी अहिल्या उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, खरगोन को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। संबंधित शिक्षकों को 17 मार्च 2026 को कार्य पर उपस्थित होने के आदेश दिए गए थे, लेकिन 19 मार्च 2026 तक इनके द्वारा उपस्थिति दर्ज नहीं कराई गई। इसी को लेकर मूल्यांकन केंद्राधिकारी की रिपोर्ट पर जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा है।

**निम्नलिखित शिक्षकों को नोटिस जारी किए गए हैं :-** विनोद तरगावे (मा.वि.बांगरदा), मंजु सोलंकी (मा.वि.सनावद), इलाम डावर (मा.वि.भोगांवा सिपानी), उस्तम भूगवाडे (मा.वि. काटकूट), तृष्णा तोमर (मा.वि. सनावद), निर्मल पटेल (मा.वि. सनावद), अनीता ठाकुर (मा.वि. सनावद), नरेन्द्र कनासे (मा.वि. जेठवाय), दयाराम ठाकुर (मा.वि. बड़वाह), शर्मिला खन्ना (मा.वि. सनावद), कैलाश तोमर (मा.वि. बेड़ियां), संग्राम सिंह गौड़ (मा.वि. भोगांवा सिपानी), राजेश शर्मा (मा.वि. बेड़िया), सीमा भार्गव (मा.वि. बड़वाह), रातमल ओसारी (मा.वि. बलवाड़ा), जयपाल सिंह पंवार (मा.वि. बोधगांव), राजेंद्र चौहान (मा.वि. सनावद) नोटिस में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि यदि शिक्षकों द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जाता या वे कार्य पर उपस्थित नहीं होते, तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### 31 को खरगोन में होगा पत्रकारों का महाकुंभ, दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन में शामिल होंगे मंत्री, सांसद-विधायक

**खरगोन, निप्र।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन एवं संभागीय सम्मेलन 31 मार्च और 1 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जाएगा। सनावद रोड स्थित कृष्णा होटल एवं रिसोर्ट में आयोजित होने वाले इस समारोह में प्रदेश भर के पत्रकारों के साथ कई दिग्गज जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं श्रम व पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष शलभ भदौरिया करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, ज्ञानेश्वर पाटील, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, सचिन बिरला, सचिन यादव, केदार डावर, झूमा सोलंकी सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इसके अलावा कलेक्टर भव्या मित्तल, डीआईजी सिद्धार्थ बहुगुणा और एसपी रविंद्र वर्मा भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। आयोजन समिति के अनुसार 31 मार्च को प्रथम दिवस पर सुबह 10 बजे उद्घाटन सत्र आयोजित होगा। दोपहर में सहभोज रहेगा। दोपहर 3 बजे से वर्तमान पत्रकारिता की चुनौतियां विषय पर परिचर्चा आयोजित की जाएगी। दूसरे दिन 1 अप्रैल को प्रांतीय अधिवेशन एवं समापन सत्र सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष परसराम चौहान, विजय मोरे, मनोज रघुवंशी, सदाशिव वर्मा, मनीष मडाहर, राधेश्याम पाटीदार आदि पदाधिकारियों ने बताया कि यह अधिवेशन पत्रकारों की एकता को मजबूत करने के साथ. साथ पत्रकारिता के सामाजिक सरोकार और वर्तमान चुनौतियों पर गंभीर मंथन का मंच बनेगा।

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खरगोन में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**खरगोन, निप्र।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खरगोन में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा बताया गया कि कक्षा पहली और बालवाटिका-3 में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी 20 मार्च 2026 सुबह 10:00 बजे से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 2 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा बताया गया कि प्रवेश के लिए आयु की गणना 31 मार्च 2026 के आधार पर की जाएगी। नियमों के मुताबिक कक्षा पहली के लिए न्यूनतम आयु 6 वर्ष और अधिकतम 8 वर्ष होनी चाहिए। वही बालवाटिका-3 के लिए आयु 5 से 6 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है। अभिभावकों को सलाह दी गई है कि वे अपनी 'सर्विस कैटेगरी' का चयन अत्यंत सावधानी से करें, क्योंकि गलत जानकारी पाए जाने पर प्रवेश आवेदन निरस्त किया जा सकता है। प्रवेश के इच्छुक अभिभावक केंद्रीय विद्यालय संगठन की आधिकारिक वेबसाइट kvsangathan.nic.in या समर्पित पोर्टल kvsonlineadmission.kvs.gov.in पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं।

# एसडीओपी के समक्ष दर्ज हुए मोनालिसा के पिता के बयान

## मेरी बेटी के साथ धोखा हुआ हैं वो नाबालिग हैं मुझे मेरी बेटी चाहिए

नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर, निप्र।** गत 17 मार्च को मंडलेश्वर एस डी ओ पी कार्यालय मे मोनालिसा के पिता जय सिंह भोंसले द्वारा दिए गए आवेदन पर 20 मार्च को बयान दर्ज किए गए। दोपहर 12 बजे एस डी ओ पी कार्यलय मे मोनालिसा के परिवार और समाज के लोग पहुंचे जहाँ मोनालिसा के पिता के बयान दर्ज किए गए।

**माता पिता ताऊ ताई के साथ पहुंचे समाजजन:-** मोनालिसा का प्रकरण अब हाय प्रोफ़ाइल बन चुका हैं इसमें भाजपा के साथ क्षेत्र के सांसद और सभी विधायक भी एकमत होकर इस प्रकरण मे मोनालिसा के माँ बाप के साथ खडे हो चुके हैं। मंडलेश्वर





बयान दर्ज करवाने मोनालिसा के पिता जय सिंह के साथ महेश्वर भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल भी पहुँचे और उन्होंने कहा की यह मामला स्पष्ट रुप से लव जिहाद का ही है। घटनाक्रम को देखने पर पता चलता हैं की यह एक सोची समझी रणनीति के तहत किया गया हैं। मोनालिसा को उज्जैन मे प्यार नहीं हुआ हैदराबाद मे नहीं हुआ महेश्वर मे नहीं हुआ और एक दिन मे केरल मे प्यार भी हो गया और शादी भी हो गई और आश्चर्य जनक तो यह हैं की एक ही दिन मे मैरिज सर्टिफिकेट भी जारी हो गया यह पूरी तरह से लव जिहाद का मामला हैं। मंडल अध्यक्ष पटेल ने दावा किया की मोनालिसा की शादी मे केरल के एजुकेशन मिनिस्टर और कांग्रेस के राज्य सभा सांसद भी खडे हैं इसका मतलब है केरल सरकार के संरक्षण मे जबरजस्ती शादी कराई गई हैं। शादी मे मोनालिसा के पिता की भी मर्जी बताई गईं हैं लेकिन हकीकत मे मोनालिसा के पिता को मार् कर भगाया गया था।

### एस डी ओ पी श्वेता शुक्ला का कहना

घटना स्थल हमारे क्षेत्र का नहीं हैं परिजनों द्वारा आवेदन मिलने पर बयान दर्ज किए गए हैं। लड़की के नाबालिक होने के संबंध मे उम्र से संबंधित दस्तावेज नगर परिषद महेश्वर और आँगनवाड़ी केंद्र से मँगाए गए हैं। जाँच के बाद ही आगे कि कार्यवाही कि जाएगी।

### लालच देकर ही केरल बुलाया गया था

एस डी ओ पी मंडलेश्वर श्वेता शुक्ला को दिए गए बयान मे मोनालिसा के पिता जय सिंह भोसले ने बताया की। फरहान खान ने मोनालिसा और मुझे बार बार यह कहा की केरल मे डांस और एक्टिंग की अच्छी व्यवस्था हैं और वहाँ की लोकेशन भी बहुत बढ़िया हैं आप दोनों एक बार आ कर देख लो अगर ठीक नहीं लगे तो वापस चले जाना। फरहान की इन बातों मे हम दोनों बाप बेटी फंस गए और केरल चले गए जहाँ फरहान ने धोके से शादी कर ली और मुझे भगा दिया। अब तो मेरा निवेदन हैं कि मेरी बेटी को फरहान के चंगुल से छुड़ाया जाय।

## आज खुलेगी गणगौर माता की बाडि़यां, चल रहा फूलपाती का दौर

**खरगोन, निप्र।** शहर सहित समूचे निमाड़ अंचल में 8 दिन की सेवा के बाद चैत्र शुक्ल की तीज याने शनिवार को माता की बाडि़यां दर्शनार्थ खुलेंगी। बाडि़यां खुलते ही गणगौर पर्व का उत्साह चरम पर होगा। शहर में करीब 30 अधिक स्थानों पर माता की बाड़ी बोई गई है। बाडी सेवकों के अनुसार रात्रि में भजन कीर्तन का दौर चलेगा, तड़के माता का स्नान कराने के बाद सुबह 6 बजे माता की बाड़ी दर्शनार्थ खोली जाएगी। सुबह से दोपहर तक बाड़ी में दर्शन-पूजन होंगे, इसके बाद जिन परिवारों ने माता बुआई कराई थी, वह परिवार माता के जवारे रथ में विराजित अपने-अपने घर ले जाएंगे।



**चल रहा फूल-पाती का दौर:-** निवड़- निवड़ पूजा करुं दुख म्हारी कम्मर, बोलती क्यों नी राधा, सुनती क्यों नी राधा, म्हारा पियर म बोई गणगौर ओ रावजी, रणुबाई पाणी क जाय.., जाय बड़ा खटका से.. जैसे पारंपरिक लोकगीतों की मधुर गूंज के बीच ज्योति नगर महिला मंडल ने फूलपाती एवं कुमकुम-हल्दी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजन के चलते पूरे ज्योति नगर क्षेत्र में गणगौर पर्व का उल्लास देखने को मिला। यहां फूलपाती के आयोजन के दौरान ढोल.ढमाकों के साथ पारंपरिक बाना निकाला, जिसमें झालरिया गीत गाते हुए पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना दिया। बाने में दुल्हन के रूप में अंजली मनीष गडकरी एवं दूल्हे के रूप में संगीता दिलीप सोनी ने आकर्षक प्रस्तुति दी। दोनों ने अपनी मनमोहक अदाओं और हंसी.ठिठोली से कार्यक्रम में विशेष रंग भर दिया। महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अनीता मालवीय ने बताया कि प्रतिदिन महिलाएं माताजी की बाड़ी में जाकर मंगल गीत गा रही हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है।

## नार्मदीय ब्राह्मण समाज की राष्ट्रीय महिला कार्यकारिणी घोषित

**मंडलेश्वर, निप्र।** अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महिला संगठन की अध्यक्षा शीतल मनीष डोंगरे ने अपनी महिला महासभा संगठन की कार्यकारिणी की घोषणा की ।

जिसमें दुर्गा शर्मा, विभा पीसी शर्मा, डॉक्टर विराज भालके, निलिमा परसाई को मार्गदर्शक , पूर्णिमा बार्चे, आशा मंडलोई , वंदना सोहनी, सुनीता उपाध्याय को परामर्शदाता, कलावती शर्मा, ज्योति परसाई, सुषमा नारमदेव, संध्या शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया। अचला गुहा, प्रियंका शर्मा वर्षा शर्मा ,भावना बिल्लोरे एवं मीनाक्षी पगारे को महामंत्री नियुक्त किया गया।

कोषाध्यक्ष मनीषा शास्त्री को नियुक्त किया। साथ ही उपाध्यक्ष, सचिव, मंत्री ,सदस्य एवं विविध प्रकोष्ठों के प्रमुखों की घोषणा की गई। इसी समय महासभा अध्यक्ष राजेश बडोले ने महासभा एवं युवा अध्यक्ष प्रबल भार्गव ने युवा कार्यकारिणी की घोषणा



की। इस अवसर पर समाज के संरक्षक सुभाष , जेपी शर्मा श्री व्हाय के शर्मा आदि उपस्थित थे। यह संपूर्ण कार्यक्रम आचार्य दिलीप सोहनी जी के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महासभा के तीनों अध्यक्षों ने अपना संकल्प दोहराया कि समाज उत्थान एवं सर्वांगीण के लिए समाज के तीनों अंग महासभा, महिला महासभा एवं युवा महासभा एक साथ मिलकर कार्य करेंगे। नवनियुक्त पदाधिकारी को समाज जनो ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## रमजान के तीस रोजे रखने के बाद चांद का दीदार कर मुस्लिम समाज आज मनाएगा ईद, गणगौर पर्व की भी हुई शुरुआत

**गोगावा, निप्र।** मुख्यालय पर मुस्लिम समाज के पवित्र माह रमजान के आखरी जुम्मे की नमाज अदा करने के बाद ही आज खुशियों का त्योहार ईदुल फितर चांद दिखने के साथ ही मनाया जा रहा है इसी के साथ आज पवित्र माह की समाप्ति भी हो जाएगी लोग ईदगाह में सुबह ईद की नमाज पढ़ने जाएंगे एक दूसरे को गले लगाकर ईद की खुशियां बाटेंगे इस मौके पर मुस्लिम समाजजन मीठी सिवैयो का आनंद भी लेंगे उधर आठ वर्षीय मोहम्मद कासिफ शेख ने छोटी सी उम्र में तीस रोजे रखकर शबाब पाया है। इधर ईद पर्व के साथ ही आज से चार दिनों तक चलने वाले गणगौर पर्व को देखते हुए ग्राम में साफ सफाई बिजली पानी व्यवस्था के साथ ही सुरक्षा को लेकर भी पुलिस प्रशासन की व्यवस्थाएं सुचारू रूप से रहेगी भीड़ भाड़ को देखते हुए बाजार की यातायात व्यवस्था चरमराई हुई है जिसे देखते हुए पुलिस ठीक करने के प्रयास में जुटी रहेगी एसडीओपी भिकनगाव राकेश





आर्य व थाना प्रभारी दीपक यादव ने कहा कि ईदगाह में नमाज के वक्त पुलिस बल तैनात रहेगा वही माता की बाडिया खुलने के समय भी महिला सुरक्षा कर्मी वहा तैनात रहेगी ।

## शेख परिवार के नन्हे रोजेदारों का किया सम्मान, बढ़ाया हौंसला



**खरगोन, निप्र।** शेख परिवार ने पूरे रोजे रखने वाले नन्हें बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. टी शेख एवं विशेष अतिथि रमीजुद्दीन शेख एवं हाजी गुलामुद्दीन शेख ने परिवार के नन्हे रोजदार इंशा. नदीम शेख, रिमशा. फहीम शेख, आर्यन. आमिर शेख, नोरिजा. मोहसिन शेख, अरमान. इम्तियाज़ शेख, चीकू. साजिद शेख, अली. वसीम शेख, अलीशा. समीर शेख, आलियाए आयशा और फैज को पुष्पहार पहनाकर तथा नकद राशि भेंट कर सम्मानित किया। बच्चों की माताओं श्रीमती नसीम. नदीम, श्रीमती कश्मीरा. फहीम, श्रीमती करिश्मा. आमिर को बच्चों की परवरिश और तालीम के मद्देनजर पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के साथ ही पत्रकार शफी शेख, नईमुद्दीन शेख, इम्तियाज़ शेख, पत्रकार आमिर शेख ने बच्चों की इस उपलब्धि को उनकी बेहतर परवरिश और धार्मिक संस्कारों का परिणाम बताया। कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ पत्रकार अजीजुद्दीन शेख ने कहा कि ऐसे आयोजन आपसी रिश्तों को मजबूत बनाने और नई पीढ़ी को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर सिराज शेख, अरबाज़ शेख, फैसल शेख, अमन शेख, नवेद शेख, जुनैद शेख, लारेब शेख, अरमान शेख सहित शेख परिवार के परिजन उपस्थित थे।

## केसीसी ऋण अदायगी अवधि बढ़ाई जानें हेतु मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**खरगोन, निप्र।** मध्य प्रदेश में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंको के अधिनस्थ सेवा सहकारी संस्थाओं के माध्यम से किसानों द्वारा खरिफ सीजन हेतु वर्ष 2025-26 में 01 अप्रैल 2025 में लिए गए खरिफ सीजन हेतु लिए गए केसीसी ऋण जों शुन्य ब्याज दर पर देयय है कि वसुली हेतु समय सीमा 28 मार्च 2026 निर्धारित कि गई है। किन्तु समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 01 अप्रैल 2026 से आरंभ होनी है जहां वर्तमान में किसानों कि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। जहां किसानों को



वित्तीय वर्ष के चलते 28 मार्च के पुर्व ऋण कि राशि संस्थाओं को अदायगी करने में आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों कि इस पिढ़ा कों लेकर राजेन्द्र कुशवाह प्रधानमंत्री जन कल्याण अभियान खरगोन के जिला मंत्री द्वारा मुख्यमंत्री कों किसान हित में पत्र लिखकर उनकी सहानुभूति सममस्या का समाधान करतें हुए खरिफ सीजन हेतु केसीसी ऋण अदायगी कि अवधि बढ़ाई जाकर 31 मई 2026 कि जानें कि मांग कि गई है।

### सामुदायिक विकास केंद्र का किया उद्घाटन

इंदौर. आइशर सामुदायिक विकास केंद्र (ई-सीडीसी) का उद्घाटन आइशर ट्रक्स और बसेस ने पीथमपुर में किया. आइशर ग्रुप फाउंडेशन की स्थानीय क्षेत्र विकास पहल के तहत स्थापित, यह केंद्र विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़े समुदायों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्रों में निरंतर सामाजिक प्रभाव डालने के लिए डिज़ाइन किया गया है. ई-सीडीसी प्रमुख विकास क्षेत्रों में लक्षित हस्तक्षेप प्रदान करने के लिए एक एकीकृत मंच के रूप में कार्य करता है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा और स्थायी आजीविका के अवसरों तक पहुँच को मजबूत करता है. विग्यात सिंह, डाइरेक्टर, आइशर ग्रुप फाउंडेशन ने कहा आइशर ग्रुप फाउंडेशन में, हमारा सीएसआर दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से परिभाषित प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर आधारित है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका विकास और स्थानीय समुदाय की उन्नति शामिल है. पीथमपुर में स्थित यह सामुदायिक विकास केंद्र अपनी तरह का पहला ऐसा केंद्र है जो इन सभी प्रमुख क्षेत्रों को एक ही एकीकृत मंच पर एक साथ लाता है.

एक नजर में

**प्रति उत्तर में मंत्री जी ने इस सम्बन्ध में सहानुभूति पूर्वक विचार करने व इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश के लिए आश्वस्त किया**

# शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर शिक्षक चिंतित न हो : अध्यक्ष जगदीश यादव

नवभारत न्यूज

**बिस्टान, निप्र।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर शिक्षक साथी परेशान नहीं हो यह बात राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने कही। राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रभुराम मालवीया, जिलाध्यक्ष अमित शर्मा,अर्चना गुप्ता,संतोष जायसवाल,दीपक पटेल ने बताया कि इस संबंध में राज्य शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने भोपाल में स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह व आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता जी से मुलाकात कर टीईटी के सम्बन्ध में ज्ञापन सौप कर इस पर पुन: विचार करने व शासन स्तर पर रिव्यू पिटीशन दायर करने का आग्रह किया। प्रति उत्तर में मंत्री जी ने इस सम्बन्ध में सहानुभूति पूर्वक विचार करने व इस सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश





के लिए आश्वस्त किया।आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने भी सहानुभूति पूर्वक विचार करने व शासन स्तर के निर्देशानुसार आगे कार्यवाही की बात कही। प्रतिनिधि मंडल में प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव के साथ संघ पदाधिकारी दिनेश शुक्ला,प्रशांत दीक्षित,नरेंद्र त्रिपाठी, दीपक पटेल, नागेन्द्र त्रिपाठी, शैलेन्द्र श्रीवास्तव,अनिल पटेल, गिरीश द्विवेदी व अन्य शिक्षक सम्मिलित थे। श्री यादव ने प्रदेश सभी शिक्षक साथियों से आग्रह करते हुए कहा कि कोई भी शिक्षक साथी टीईटी परीक्षा को लेकर तनाव नही ले राज्य शिक्षक संघ इस सम्बन्ध में हर स्तर पर संघर्ष करेगा। साथ ही दिल्ली जाकर सुप्रीम कोर्ट में जाकर याचिका दायर करेगा।

**सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पत्र लिखा:-** राज्य शिक्षक संघ के संरक्षक एवं नर्मदापुरम के सांसद दर्शनसिंह चौधरी ने धर्मेंद्र प्रधान केंद्रीय मंत्री भारत सरकार को पत्र लिखकर शिक्षकों के लिए पात्रता परीक्षा अनिवार्यता में पुनर्विचार कर माननीय उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करने की मांग की है। श्री चौधरी ने लिखे पत्र में बताया कि प्रदेश के इन शिक्षकों ने पिछले 25-30 वर्षों में निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके अनुभव एवं प्रयासों से विद्यार्थियों के शैक्षणिक परिणाम में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वर्तमान में दीर्घकालीन से सेवा दे रहे शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्यता लागू होने से उनके बीच चिंता एवं असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है । यह भी उल्लेखनीय की इस विषय में देश के कुछ राज्यों द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की जा चुकी है। अत: अनुरोध है कि शिक्षा मंत्रालय की ओर से भी इस विषय में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर कर सहानुभूति पर विचार किया जाए।

### पूर्व विधायक मुरलीधर पाटीदार ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

पूर्व विधायक एवं राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष रहे मुरलीधर पाटीदार ने शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखा है। जिसमें सरकार से पात्रता परीक्षा को लेकर माननीय उच्चतम न्यायालय में रिव्यू याचिका दायर करने की अपील की है।